Subject Code : **03**

**March, 2014**

# HINDI

*Time* : 3 *Hours* 15 *Minutes* ] [ *Total No. of Questions* : 51 ] [ *Max. Marks* : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए :

6 × 1 = 6

1) शिवप्रसादजी चुपचाप किस पर लुढ़क गए ?

2) सिर पर क्या बुना जा रहा है ?

3) गुरुदेव ने बच्चों के साथ क्या किया ?

4) 'विंडो पिरियड' का समय कितना हो सकता है ?

5) हल्कू की पत्नी का नाम क्या है ?

6) आत्मा-१ का नाम क्या था ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 × 3 = 9

7) लेखक ने रवींद्रनाथ की दृष्टि को मर्मभेदी क्यों कहा है ?

8) एड्स रोग के बड़े किस्म के लक्षणों का परिचय दीजिए।

9) सुबेदारनी ने लहनासिंह से किस प्रकार प्रार्थना की ?

10) हल्कू का चरित्र-चित्रण कीजिए।

11) बसवेश्वर के सात बसव-तत्वों के बारे में लिखिए।

II. अ) निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) "तुमने बाजार में मेरी प्रतिष्ठा बचा ली।"

13) "दर्शनार्थी हैं क्या ?"

14) "करो जर्मन के बादशाह का तर्पण।"

15) "उससे कह दो फसल पर रुपये दे देंगे।"

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) बुढ़ापे से हार मानकर यौवन का ढोंग रचते हैं।

17) "जनाब, अपना बोरिया-बिस्तर समेटिए और जरा चलते-फिरते नज़र आइये।"

18) उनकी मान्यता थी कि अस्पृश्यता एक कलंक है।

19) तुम्हें अपने कार्यों का फल स्वयं भुगतना होगा।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) कबीर की संपत्ति क्या है ?

21) हनुमानजी क्या लेने गए थे ?

22) कवि किसे मधुशाला मानता है ?

23) सिद्धार्थ के वन-गमन से दुःखी कौन है ?

24) तारे क्या माँग रहे हैं ?

25) कवि क्या बेचता है ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : $2 \times 3 = 6$

26) गोपियों के विरह का वर्णन कीजिए।

27) यशोधरा सिद्धार्थ का स्वागत कैसे करना चाहती है ?

28) कवयित्री अपने जीवन की तुलना दीपक से किस प्रकार करती है ?

29) कवि धर्म के नाम पर होनेवाले झगड़ों को किस प्रकार शांत करना चाहता है ?

इ) निम्नलिखित के ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : $2 \times 4 = 8$

30) जसोदा हरि पालनै झुलावै।
हलरावै, दुलराई मल्हावै, जोइ-सोइ कछु गवै।
मेरे लाल कौं आउ निंदरिया, काहैं न आनि सुवावै।
तु काहैं नहिं बेगहिं आवै-तोकों कान्ह बुलावै।

**अथवा**

हेरी म्हाँ दरदे दिवाणी म्हारां दरद न जाण्यां कोय।। टेक।।
घायल री गत घाइल जाण्यां हिवड़ो अगण संजोय।
जौहर की गत जौहरी जाणै, क्या जाण्यां जिण खोय।
दरद की मार्‌यां दर दर डोल्यां बैद मिल्या नहिं कोय।

31) जो चित्रों में विरह-विधुरा का मिले चित्र कोई।
तो जा जाके निकट उसको भाव से यों हिलाना।
प्यारे हो के चकित जिससे चित्र के ओर देखें।
आशा है यों सुरति उनको हो सकेगी हमारी।।

**अथवा**

यह गीत रेशमी है, यह खादी का,
यह गीत पित्त का है, यह बादी का
कुछ और डिजाइन भी हैं, ये इल्मी
यह ली जे चलती चीज़ नयी, फिल्मी।

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद के भाई का नाम क्या था ?

33) मटरु किस रोग से पीड़ित था ?

34) जमींदारों ने मटरु के पास किसे भेजा ?

35) पुराने हलवाहे का स्वभाव कैसा था ?

36) मटरु ने भाभी की शादी किससे करवा दी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) भाभी अपने सास-ससुर की सेवा किस प्रकार करती थी ?

38) मटरु ने कारिंद की बातें सुनकर क्या कहा ?

39) गोपीचंद ने भाभी के सामने किस प्रकार अपनी इच्छा प्रकट की ?

40) विधवा विवाह की बात सुनकर माँ ने बड़ी बहु से क्या कहा ?

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) (i) मैने तेरे को आते ही पहचान लिया।

(ii) कोई को विधवा बनानी युगधर्म नहीं है।

(iii) वह इधर-उधर देखा।

(iv) लड़के ने पत्र लिखी।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4 × 1 = 4

( मैना, कविता, तंत्र, बुखार )

42) (i) रोग प्रतिरोधक .................. पूरी तरह नष्ट हो जाता है।

(ii) साधारण जांचों से .................. का कारण समझ में नहीं आता।

(iii) उस ................. को क्या हो गया है यही सोचता हूँ।

(iv) गुरुदेव ने बाद में एक .................. लिखी थी।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) (i) प्रेमचंद कहानी लिखते हैं। ( वाच्य बदलिए )

(ii) राम से पुस्तक पढ़ी गयी। ( वाच्य बदलिए )

(iii) भगवान हमारी रक्षा करते हैं। ( भूतकाल में बदलिए )

(iv) अध्यापक ने पाठ पढ़ाया। ( वर्तमान काल में बदलिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

44) (i) कान भरना — क) हार मान जाना।

(ii) घुटने टेकना — ख) मूर्ख बनाना।

(iii) उल्लू बनाना — ग) राह देखना।

(iv) आँखें बिछाना — घ) चुगली करना।

उ) निम्नलिखित शब्दों के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) (i) क्षत्रिय

(ii) शेर।

ऊ) निम्नलिखित शब्दों के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) (i) पुस्तक

(ii) मछली।

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 5

47) धन का व्यय विलास में करने से केवल क्षणिक आनंद की प्राप्ति होती है। यह धन का दुरुपयोग है, किन्तु धन का सदुपयोग सुख और शांति देता है। धन के द्वारा जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य हो सकता है वह है परोपकार। भूखों को अन्न, नंगों को वस्त्र, रोगियों को दवा, अनाथों को घर-द्वार, लूले लंगड़ों और अपाहिजों के लिए आराम के साधन, विद्यार्थियों के लिए पाठशालाएँ इत्यादि वस्तुएँ धन के द्वारा जुटाई जा सकती हैं। धन रहने के कारण एक अमीर आदमी को लोगों की भलाई करने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं, जो कि एक गरीब आदमी को उपलब्ध नहीं है, चाहे वह इसके लिए कितना भी इच्छुक क्यों न हो, पर संसार में ऐसें अमीर आदमी बहुत ही कम हैं जो अपना भोगविलास त्याग कर अपने धन को परोपकार में लगाते हैं।

**अथवा**

फीस माफ करने के लिए प्राचार्यजी को एक पत्र लिखिए।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

48) (i) Books are our best friends.
ಪುಸ್ತಕಗಳು ನಮ್ಮ ಉತ್ತಮ ಮಿತ್ರರು.

(ii) We are living in an age of science.
ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುತ್ತೇವೆ.

(iii) Ganga is our holy river.
ಗಂಗೆಯು ನಮ್ಮ ಪವಿತ್ರ ನದಿಯಾಗಿದೆ.

(iv) Always speak the truth.

ಯಾವಾಗಲೂ ಸತ್ಯವನ್ನು ನುಡಿ.

(v) We should love our country.

ನಾವು ನಮ್ಮ ದೇಶವನ್ನು ಪ್ರೀತಿಸಬೇಕು.

VII. अ) 49) निम्नलिखित वाक्य के पद-परिचय दीजिए : 3

राम कल घर से आयेगा।

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) (i) हरण

(ii) देश

(iii) हार

(iv) शासन।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) (i) सपरिवार

(ii) प्रतिकूल

(iii) नालायक।